Helpline **1064** **94135-02834**

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **धौलपुर में सहायक उपनिरीक्षक पुलिस 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *03 जून।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी की धौलपुर इकाई द्वारा आज गुरूवार को पुलिस थाना सदर धौलपुर में कार्यवाही करते हुये सहायक उपनिरीक्षक पुलिस कुंजबिहारी को परिवादी से 20 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. धौलपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि चौकी पचगांव पुलिस थाना सदर धौलपुर द्वारा पकडी गई, उसके पिता की स्कूटी को छोडने एवं शराब का केस नहीं बनाने की एवज में चौकी प्रभारी कुंजबिहारी स.उ.नि. एवं विनोद कुमार हैड कानि. द्वारा 40 हजार रूपये रिश्वत मांगकर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी की धौलपुर इकाई के **उप अधीक्षक पुलिस श्री सुरेन्द्र सिंह** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनकी टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये कुंजबिहारी पुत्र श्री महेशचन्द निवासी बजरंग कालोनी, बाडी, धौलपुर हाल निवासी मधुबन कालोनी धौलपुर हाल सहायक उपनिरीक्षक, प्रभारी पुलिस चौकी पचगांव, पुलिस थाना सदर धौलपुर जिला धौलपुर को परिवादी से 20 हजार रुपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया। हैड कानि. विनोद कुमार एसीबी कार्यवाही की भनक लगने पर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी के निवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।